सांध्य दैनिक


# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 40 | इंदौर, सोमवार 14 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




## रामचरितमानस स्वयं विश्वविद्यालय है...

*कैम्ब्रिज में मोरारी बापू..!*

### सर्वाधिक नोबेल पुरस्कार विजेताओं के शहर में बापू की राम कथा - मानस विश्वविद्यालय

हाल ही के समस्त ज्योतिर्लिंगों पर बापू की राम कथा का सार संसार को उदयमान करना और विश्व के लिए मानव जीवन के भावनात्मक मूल्यों को एकाग्रता प्रदान करना रही। साथ ही बापू ने विश्व में सब में शौर्य हो... सब में सौंदर्य हो.... सब में औदार्य हो... ये ज्योतिर्लिंग राम कथा के प्रसाद स्वरुप बांट दिया।

अब कैंब्रिज विश्वविद्यालय में 12 अगस्त से 20 अगस्त तक नव दिवसीय रामकथा प्रारंभ हो चुकी है जो कई प्रसंग एवम संवाद के रूप में नैतिक मूल्यों के स्थापन व शिक्षा- शिक्षण के लिए अनुकरणीय होगी...।

## मुझे विश्वास है कि 'स्वार्थपरक राजनीति' का यह दौर अब बहुत दिनों तक नहीं चलेगा






आज हम अपनी आजादी का जश्न मना रहे हैं. लेकिन आजाद देश में हमारे प्यारे देशवासियों को ऐसा भी दिन देखना पड़ेगा...., कि जब अपने स्वार्थ के लिए राजनीति को न केवल गंदा कर दिया जाएगा, बल्कि कुर्सी और सत्ता पाने के लिए राजनेता हर हद को पार कर जाएंगे...

आजाद भारत में वर्तमान की राजनीति का दौर किसी से छिपा नहीं है... हर जगह राजनीति का चीरहरण हो रहा है और इस चीरहरण को रोकने वाला कोई नहीं है... देश को आजाद कराने की लड़ाई में जहां राजनेता सबसे आगे रहकर अपने प्राणों तक की परवाह नहीं करते थे और उस समय के दौर में राजनीति में आने का उद्देश्य केवल जनसेवा ही रहता था... वही उद्देश्य आज बदल गया है...

बात चाहे किसी भी राज्य की हो... हर जगह एक ही वास्तविकता लोगों के सामने है कि जिन राजनेता पर उन्होंने विश्वास किया है..., उनमें अधिकांश ने उन्हें धोखा ही दिया है... जनता जो चुनाव के समय इन नेताओं के लिए वोट की खातिर बहुत ही खास हो जाती है..., वह सोचता है कि मैंने किन पर विश्वास कर लिया... राजनीति में आकर अपने स्वार्थ के लिए नेता उसी जनता को धोखा दे रहे हैं, जिस जनता ने उन्हें अपना जनप्रतिनिधि बनाते हुए चुना है...

जनता सोचती है कि मैंने यह क्या कर दिया... जिस नेता और पार्टी पर विश्वास कर वोट दिया वह क्या कर रहा है... वह सोचता है कि कि हम अंधे हैं.. हम बहरे हैं हम लूले और लंगड़े भी...., अभी लूट लो हमको..., दे दो हमको धोखा..., यह भारतीय राजनीति का यह अवसरवादी चेहरा अभी हमने देख लिया है..., लेकिन मुझे विश्वास है कि यह बहुत दिनों तक नहीं चलेगा...आखिर कब तक आजादी के बाद भी हम इन राजनेताओं के इशारों पर चलते रहेंगे... एक दिन तो आएगा... जब राजनीति को गंदा करने वालों को सबक सिखाया जाएगा... जनहित की वास्तविक सरकार की प्रजातंत्रीय भूमिका में होगा... राष्ट्रहित और जनहित की समस्याओं का निराकरण होगा... वही दिन गंदी राजनीति से आजादी का दिन होगा...

उम्मीद पर दुनिया कायम है इसी आशा के साथ स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

editor@dgr.co.in

# जयकारों से गूंजा महाकाल मंदिर

## ◆रात 12 बजे से भक्त कतार में लगे; पीसीसी चीफ कमलनाथ सवारी में होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। सावन महीने के छठे सोमवार को महाकाल मंदिर भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा। भस्म आरती के लिए भक्त रात 12 बजे से लाइन में लग गए थे। तड़के 2:30 बजे मंदिर के पट खोले गए। तड़के भस्म आरती में बाबा महाकाल को दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से बने पंचामृत से अभिषेक पूजन कर भस्म अर्पित की गई। भगवान महाकाल का भांग, चंदन और आभूषणों से राजा स्वरूप में दिव्य श्रृंगार कर आरती की गई।

दर्शन का सिलसिला रात 10.45 पर शयन आरती के बाद समाप्त होगा। बाबा महाकाल लगातार 20 घंटे तक भक्तों को दर्शन देंगे। सोमवार को 5 लाख भक्तों के पहुंचने की उम्मीद है। शाम करीब 4 बजे छठी सवारी में भगवान महाकाल घटाटोप के स्वरूप में दर्शन देंगे। सवारी में पीसीसी चीफ कमलनाथ भी शामिल होंगे।

### दावा- 40 मिनट में दर्शन का

मंदिर प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि भक्तों की भीड़ को देखते हुए उन्हें 40 मिनट में दर्शन मिल सकें, इसके इंतजाम किए गए हैं। मंदिर के महेश पुजारी ने बताया कि अल सुबह भस्म आरती में भगवान महाकाल



पहला पूजन किया गया। गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से बने पंचामृत से भगवान महाकाल पूजन किया। हरि ओम जल चढ़ाकर कपूर आरती के बाद भांग, चंदन, अबीर के साथ महाकाल ने मस्तक पर चंद्र और आभूषण अर्पित कर राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। श्रृंगार पूरा होने के बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांक कर भस्मी रमाई गई।

### मंदिर में मनाया जा रहा सावन उत्सव

सावन महीने की शुरूआत 4 जुलाई से हुई थी। मंदिर के पुजारी महेश गुरु के अनुसार मंदिर में सावन उत्सव मनाया जा रहा है। इस बार अधिक मास का विशेष योग है। मंदिर में परंपरा के मुताबिक सावन की 4 या 5 सवारियां होती हैं। दो सवारी भाद्र पद (भादौ मास) की होती हैं, जिसमें बाबा नगर भ्रमण पर हर सोमवार भक्तों का हाल जानने शाही ठाठ बाट के साथ निकलते हैं। इस बार अधिक मास होने से 8 सवारी सावन व 2 सवारी भादौ मास की यानी 10 सवारी सवारियां रहेंगी।

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामना एवं अवकाश की सूचना

15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। 15 अगस्त को डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 16 अगस्त बुधवार को प्रकाशित होगा। **- संपादक**

# नार्मदीय समाज के 108 जोड़ों ने किया रूद्राभिषेक

◆ पुरूषोत्तम मास के प्रदोष पर्व पर विद्वान आचार्यों ने कराया पूजन अभिषेक





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पवित्र पुरूषोत्तम मास में प्रदोष पर्व पर नार्मदीय समाज के 108 ब्राह्मण जोड़ों ने भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग बनाकर रूद्राभिषेक किया। विद्वान आचार्यगणों द्वारा अभिषेक पूजन कराया गया। इस दौरान सभी जोड़ों को समाजजनों द्वारा पूजन और सुहाग सामग्री का वितरण भी किया गया।**

रविवार को पुरूषोत्तम मास के कृष्ण पक्ष की प्रदोष पर पावन श्रावण मास के उपलक्ष्य में एमआईजी कालोनी स्थित श्री कनकेश्वरी विद्या विहार में नार्मदीय ब्राह्मण समाज क्षेत्र क्रमांक 2 उत्तर इकाई इंदौर, मां नर्मदा सांस्कृतिक परमार्थिक न्यास एवं एनडी युवाम क्षेत्र क्रमांक 2 इन्दौर द्वारा आयोजित उक्त धार्मिक आयोजन में आचार्य पंडित मधुसूदन उपाध्याय एवं आचार्य पंडित नवीन उपाध्याय के मार्गदर्शन में भगवान भोलेनाथ के रूद्राभिषेक किया गया। दोनों विद्वान आचार्य के साथ उनकी टीम ने सभी 108 जोड़ों से पार्थिव शिवलिंगों का विधि विधान से पूजन करवाकर रूद्राभिषेक कराया। सुबह सभी जोड़ों और समाज के वरिष्ठगणों के साथ अन्य समाजजन को कार्यक्रम स्थल पर फलाहार कराया गया, इसके पश्चात तय समय पर पार्थिव शिवलिंग का पूजन शुरू किया गया। रूद्राभिषेक , आरती के पश्चात मां नर्मदा अष्टक का पाठ सभी समाजजनों ने किया और भगवान भोलेनाथ के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में नार्मदीय समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# इंदौर में लगा सकेंगे एडवेंचर की छलांग

## तिंछा ग्राम में हुई बंजी जंपिंग की शुरूआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के नजदीक ग्राम तिंछा के टोनेडों वाटर पार्क में सैलानी जल्द ही बंजी जंपिंग का भी लुत्फ उठा सकेंगे, दुनिया भर में अपने एडवेंचर गेम बंजी के लिए जानी जाने वाली कम्पनी टोनेडों बंजी द्वारा 13 अगस्त 2023 को इसकी शुरूआत की गई। इंदौर से 30 किलोमीटर स्थित तिंछा वॉटरफॉल में पानी लगभग 300 फीट की ऊंचाई से गिरता है, ऐसे शानदार और महमोहक स्थान पर बंजी जम्पिंग के इस अनुभव को दोगुना कर देगा। मौजूदा राफ्टिंग, ट्रैकिंग और स्कीइंग के साथ साथ अब बंजी जंपिंग एडवेंचर टूरिज्म को दोगुना करने में मदद करेगा जहाँ लगभग 180 फीट की ऊंचाई से छलांग के रोमांच का अनुभव किया जा सकेगा। बंजी जम्पिंग की शुरूआत के अब इस खास अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंडया बंजी के सिद्धार्थ पारेख, टॉरनेडो बंजी के नितिन डांगी, मनमीत भाटिया मौजूद थे। नितिन डांगी ने कहा इस नई पहल का उद्देश्य राज्य के साथ-साथ देश के पर्यटकों को मध्य प्रदेश की औद्योगिक राजधानी इंदौर की ओर लाना और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना है। हमारे पास बंजी जंपिंग के लिए निर्भीक और प्रोफेशनल अनुभवी कर्मचारी हैं जो सुरक्षा सावधानियों को ध्यान में रखते हुए इस खेल का निर्देशन करेंगें।

## तिरंगा अभियान के अन्तर्गत खिलाड़ियों ने निकाली रैली

**इंदौर।** इंदौर जिले में 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत आज खिलाड़ियों द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली चिमनबाग से शुरू होकर राजवाड़ा पर समाप्त हुई। इस रैली में इंदौर शहर के विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकारी और खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय ध्वज अपने हाथों में थामकर राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

## शहर की प्रमुख इमारतों और चौराहों पर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में हर घर तिरंगा अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत इंदौर शहर की सभी प्रमुख इमारतों, चौराहों,ब्रिज आदि पर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गयी है। इसके माध्यम से शहर पूरी तरह से तिरंगामय दिखाई दे रहा है। बताया गया कि राजबाड़ा एवं गांधी हॉल पर स्थाई फसाड लाइट लगी हुई है। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा कृष्णपुरा छत्री, नेहरू स्टेडियम, नगर निगम मुख्यालय भवन, स्मार्ट सिटी मुख्यालय, सरवटे बस स्टैंड, कलेक्टर आफिस बिल्डिंग, देवी अहिल्या प्रतिमा राजबाड़ा, गांधी प्रतिमा रीगल चौराहा ,मेघदूत उपवन, पिपलियाहाना ब्रिज एवं एयरपोर्ट के सामने तिरंगा थीम पर विशेष विद्युत सज्जा की गई है। इसके अतिरिक्त शास्त्री प्रतिमा, अंबेडकर प्रतिमा, नेहरू प्रतिमा, शहीद भगत सिंह प्रतिमा, चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा, सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा, लक्ष्मी बाई प्रतिमा, वीर सावरकर प्रतिमा नारायण कोठी चौराहा, पंडित दीनदयाल प्रतिमा बापट चौराहा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रतिमा विजय नगर, महाराणा प्रताप प्रतिमा, पटेल प्रतिमा, तिलक प्रतिमा, जय स्तंभ आदि प्रतिमाओं पर विशेष विद्युत साज-सज्जा की गयी है।

# 100 लोगों की छोटी टीम बनाएंगे सुरजीत

## 28 अगस्त तक घोषित हो सकती है कांग्रेस की शहर कार्यकारिणी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 4 साल से भंग इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी को दोबारा तैयार करने की कवायद तेज हो गई है। कार्यकारिणी तैयार करने का काम शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है की 28 अगस्त तक इंदौर कांग्रेस शहर कार्यकारिणी की घोषणा हो सकती है। बता दें कि इंदौर कांग्रेस को शहर अध्यक्ष मिले 1 महीने से ज्यादा का समय हो चुका है। लेकिन शहर अध्यक्ष अभी तक टीम नहीं बना पाए हैं। बताया जा रहा है कि हाल ही में पीसीसी से भी आदेश जारी हुआ है कि एक हफ्ते के अंदर कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा की जाएं।

कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा 100 लोगों की छोटी कार्यकारिणी बनाने की तैयारी कर रहे हैं। सुरजीत ने कार्यकारिणी तैयार करने के लिए शहर की सभी विधानसभा के हारे-जीते विधायकों, पार्षद और प्रभारियों के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से नाम मांगे हैं। शहर अध्यक्ष सुरजीत का कहना है कि कार्यकारिणी का रूप किस प्रकार का रहेगा यह कांग्रेस आलाकमान ही तय करेगा। हमारे पास से उन्हें नाम भेज दिए जाएंगे। भोपाल से नाम पर सहमति बनने के बाद ही कार्यकारिणी घोषित की जाएगी।

**इस फॉमूर्ला से तैयार होगी कार्यकारिणी-** सुरजीत का कहना है कि कार्यकारिणी में उन्हीं कांग्रेस कार्यकतार्ओं और नेताओं को मौका दिया जाएगा जो एक्टिव है। वह कार्यकर्ता जो पार्टी का काम करते है कार्यालय आते हैं और जो हमेशा पार्टी के कामों में सक्रिय रहते हैं। मेरा पूरा प्रयास इसी बात को लेकर है कि उन्हें ही कार्यकारिणी में मौका मिले जो हमेशा पार्टी के लिए सक्रिय रहता है। कांग्रेस की तैयार हो रही कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, सह-सचिव और कार्यकारिणी सदस्य रहेंगे साथ ही प्रवक्ता भी बनाए जाएंगे। जो कार्यकारिणी तैयार की जा रही है उसमें 9 से 10 उपाध्यक्ष, 1 कोषाध्यक्ष, 35 से 40 महासचिव, 30 सचिव और 15 सह सचिव बनाने के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य होंगी। बता दें कि प्रवक्ताओं और 1 संगठन मंत्री की नियुक्ति भोपाल से होती है।




# शिव शक्ति रुद्राभिषेक व शिवमहापुराण कथा की शुरूआत कलश यात्रा से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणेश्वर कुंड से भगवान शिव की आराधना में लीन होकर हजारो महिलाओं की कलश यात्रा बाणेश्वर कुंड से मोनी बाबा आश्रम तक निकली । 13 अगस्त से 19 अगस्त तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण व शिव शक्ति रुद्राभिषेक किया जायेगा परमपूज्य महंत माँ भक्ति प्रिया जी के मुखरविन्द से शिव महापुराण कथा प्रवाहित होगी । संस्था संगम के आयोजक विधायक रमेश मेंदोला पार्षद श्रीमती संध्या राधाकिशन जायसवाल ने बताया कि कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय शिव महापुराण कथा की शुरूआत हुई। कलश यात्रा की शुरूआत बाणेश्वर कुंड से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल मौनी बाबा आश्रम पहुंची। कलश यात्रा का नगर के नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

रथ पर परमपूज्य महंत माँ भक्ति प्रिया जी सवार थी । मासूम जायसवाल ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 10 बजे शिव शक्ति रुद्राभिषेक में शिव भक्त पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रुद्राभिषेक करेंगे । दोपहर 2 बजे से महंत भक्ति प्रिया जी के मुखरविन्द से शिव कथा प्रवाहित होगी । यात्रा में प्रमुख रूप से विधायक रमेश मेंदोला , पार्षद राधा किशन जायसवाल , मासूम जायसवाल मौजूद थे ।



शहरनामा

## बकौल महापौर इंदौर...

# सारे फैसले अफसर करते हैं...हमें बताते भी नहीं हैं...



एल एन उग्र
स्वतंत्र लेखक

मैं एक साधारण सा स्वतंत्र लेखक हूं... और महापौर के इस कथन से...कतई सहमत नहीं हूं... और बहुत सारे लोगों से... इस विषय पर बात भी की... कोई भी व्यक्ति महापौर के इस कथन से...सहमत नजर नहीं आया... ऐसे क्या कारण है... जिनके कारण अफसर... निर्णय कर रहे हैं...और महापौर को वह बता भी नहीं रहे हैं... जब महापौर को ही वे अगर नहीं बता रहे हैं...या महापौर का महत्व वह नहीं समझ रहे हैं...तो जनता के प्रतिनिधि... एक पार्षद की अहमियत...नगर निगम में अफसरों के सामने क्या होगी...? मैं महापौर के इस कथन से एकदम असहमत हूं...महापौर का मतलब शहर का पहला व्यक्ति... और पूरे शहर का एक तरह से... सरक्षण करने वाला... नीति निर्धारण को पालन कराने वाला... अगर वही व्यक्ति असहाय...असमर्थ... और मजबूर होगा...तो कैसे वह शहर... महापौर परिषद और पार्षदों के मान सम्मान की रक्षा कर पाएगा...विवार को समझ रहे हैं...क्या अफसर इतने अधिक पावरफुल हैं...कि वह निर्वाचित जनप्रतिनिधि का... मान और सम्मान नहीं रख पा रहे हैं...अगर वह नहीं भी रख पा रहे हैं तो...मैं कम से कम महापौर की इस बात से सहमत नहीं हूं...अगर महापौर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं... तो भी कम से कम... सार्वजनिक रूप से महापौर को...इस तरह का व्यक्तवय नहीं देना चाहिए... इससे होगा यह की... जो अफसर अभी महापौर की सुन रहे हैं...वह भी महापौर की बात को नहीं सुनेंगे... फिर इस शहर का क्या होगा... मतलब 'अंधेर नगरी चौपट राजा'... वाली कहावत सही होती नजर आएगी... गाहे-बगाहे कई बार... यह सुनने में आता रहता है कि... पार्षद शिकायत करते रहते हैं कि...अधिकारी उनकी नहीं सुन रहे हैं... जब पार्षद यह कहता है तब बड़ा चिंतन होता है... पार्षद भी जनप्रतिनिधि है... वह निजी स्वार्थ के लिए संभवत... कोई काम नहीं करता है... स्वयं को असहाय प्रकट करना...मैं समझता हूं ठीक नहीं होगा... पहले तो आपसे शहर ने... यह उम्मीद लगाई थी कि... आप घिसी पिटी राजनीति के मोहरे नहीं होंगे...चेहरे भी नहीं होंगे... आप शहर का दर्द अच्छे से समझ पाएंगे... लेकिन ऐसी घटनाओं से... आपका व्यक्तित्व धूमिल होता नजर आएगा... महापौर का व्यक्तित्व... शहर का व्यक्तित्व होता है... अफसर का काम करने का तरीका... अपना हो सकता है... लेकिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि को...अवाइट करना... सामान्य सिद्धांत के विपरीत है... यह व्यवहारिक सिद्धांत के विपरीत है...

विवाद शहर में एलईडी लाइट लगाने की बात पर सामने आया है... कंपनी ने जो भी विवाद किया हो... वह अपनी जगह... शहर में led लगना थी... कुछ जगह लगी कुछ शायद नहीं लगी... यह विवाद है...और अफसरो ने शायद अपने स्तर पर कुछ निर्णय लिया... इस कारण से शहर के हित में होने वाले... काम पर विपरीत असर पड़ा है...और उसी से... महापौर की बात में पीडा नजर आया है... जनप्रतिनिधि का व्यवहार निर्णायक और जनहित में होना भी चाहिए... और उनको यह पीड़ा भी होना चाहिए कि... उनके दायित्वों का अगर वह निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं... किसी भी कारण से... चाहे फिर वह अफसर का ना सुनना ही क्यों ना हो... यह उनके व्यक्तित्व और दायित्व को धूमिल करता है...। **शेष फिर...**

## आज से दिगंबर जैन समाज की युवतियों-महिलाओं का सावन मेला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रक्षाबंधन और स्वाधीनता दिवस के अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज युवा वेलफेयर सोसायटी, इंदौर ने दो दिवसीय सर्वसमाज का सावन मेला का आयोजन रखा है। इसमें आमजन हेतु धार्मिक-सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं के साथ खरीदी हेतु स्टॉल का आनंद मिलेगा।**

यह जानकारी देते हुए महिला प्रकोष्ठ की महासचिव सोनम जैन अभिनंदन, मार्गदर्शक पूजा कासलीवाल और मेला को-ऑर्डिनेटर सलोनी जैन ने बताया की सावन मेला धार रोड स्थित बालकृष्ण बाग में लगेगा। मेले के आयोजक युवा प्रकोष्ठ के सरंक्षक राहुल सेठी मेले का शुभारम्भ 14 अगस्त को सुबह 9.30 बजे शहर के विभिन्न समाजों की प्रमुख प्रतिष्ठित महिलाओं द्वारा किया जाएगा। समापन 15 अगस्त की रात 10 बजे होगा। 14 अगस्त को एक शाम देश के नाम संगीतमय आयोजन होगा। इसी तरह मिसेज सावन, सास बहू की जोड़ी कमाल कि सहित अनेक प्रतियोगिता होगी। इसमें जूनियर अमिताभ बच्चन द्वारा स्पेशल प्रस्तुति दी जाएगी।



जनप्रतिनिधि के भतीजे का धमकाते हुए वीडियो वायरल; बोला-

# तुम्हारी कॉलोनी की सूरत बदल दूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। सोशल मीडिया पर एक विवाद का वीडियो तेजी से वायरल हुआ है। वीडियो में दी जा रही धमकी के बाद यह वीडियो शहरभर में चर्चा का विषय बन गया है। इसमें एक युवक अपने आप को जनप्रतिनिधि का भतीजा और पूर्व पुलिस अधिकारी का ड्राइवर बताते हुए धमका रहा है कि तुम्हारी कॉलोनी का इतिहास बदल दूंगा। यह वीडियो कानीपुरा रोड स्थित श्रीपुरम कॉलोनी का बताया जा रहा है।**

कल से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक विवाद का वीडियो वायरल हुआ है। करीब तीन मिनिट 58 सेकेंड के इस वीडियो में एक युवक-युवती का कॉलोनी वालों से विवाद करते नजर आ रहे हैं। इसमें युवक द्वारा विवाद की स्थिति बनने पर कह रहा है कि मैं जनप्रतिनिधि का भतीजा हूं और पूर्व डीएसपी का ड्राइवर हूं। किसी से डरता नहीं हूं। यह मेरे साथ डीएसपी साहब की बेटी है। उन्हें पता चल जाएगा तो तुम्हारी कॉलोनी की सूरत बदल कर रख देंगे। इस दौरान युवक किसी से फोन पर बात भी करता जा रहा था। वहीं, युवती का कहना था कि हम पति-पत्नी यहां खड़े थे उससे कॉलोनी वालों को क्या दिक्कत है।

### वीडियो बनाने वाले को धमकाया

इस दौरान युवती भी चेतावनी देने से पीछे नहीं रही और मौके पर वीडियो बनाने वाले युवक को चेताया कि कितने भी वीडियो बना ले हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा। विवाद के बीच युवक-युवती बगैर नंबर की बाइक पर चले गए। वहीं, कॉलोनीवासी मामले की शिकायत करने थाने पहुंचे। कॉलोनीवासियों ने चिमनगंज थाने में आवेदन देकर युवक और युवती के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।

### कॉलोनीवासियों ने की शिकायत

कॉलोनीवासियों की तरफ से पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि असामाजिक तत्व आए दिन कॉलोनी में हंगामा करते हैं। 11 अगस्त 2023 की रात 11 बजे एक महिला पुरुष अपने आपको पति-पत्नी बता रहे थे। दोनों शराब के नशे में थे और गाली-गलौज कर रहे थे। रोकने पर विवाद किया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जांच और वीडियो क्लिप के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इसमें वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लिया गया है।


**वीडियो को संज्ञान में लिया गया हैः थाना प्रभारी-** मामले को लेकर थाना प्रभारी करण खोवाल का कहना है कि वीडियो में दिख रहे युवक युवती की पहचान की जा रही है। रहवासियों की शिकायत पर वीडियो को संज्ञान में लिया है। प्राथमिक जांच में इस तरह का कोई भी व्यक्ति पुलिस में होना या डीएसपी सर का ड्राइवर होना अभी तक तो नहीं पाया गया है।

## आदिवासी युवक को गोली मारने वाला विधायक का बेटा गिरफ्तार, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली**। सिंगरौली जिले में 30 वर्षीय आदिवासी युवक को गोली मारने वाले बीजेपी विधायक राम लल्लू वैश्य के बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी अपनी महिला मित्र के घर में छिपा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी विवेकानंद वैश्य पर एसपी ने दस हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था।

मामला सिंगरौली जिले के मोरवा इलाके का है, जहां सूर्यप्रकाश खैरवार नाम के शख्स को विवेकानंद वैश्य ने गोली मारी थी। दरअसल, सूर्यप्रकाश खैरवार के भाई से विधायक के बेटे का किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। जब सूर्यप्रकाश ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो विधायक के बेटे ने उस पर गोली चला दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने उस पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी विवेकानंद वैश्य फरार हो गया था। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी, उसे पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई थी।




बाल सुधार गृह की बच्चियां बोली-

## पानी पीने के बाद बिगड़ी तबीयत, पुलिस ने सैंपल जांच के लिए भेजे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राजधानी भोपाल के कमला नगर स्थित बाल सुधार बालिका गृह में बीती रात 11 नाबालिग लड़कियों के अस्वस्थ होने का मामला बढ़ता ही जा रहा है। देर रात तक फूड प्वाइजनिंग का मामला बताया जा रहा था। लेकिन रविवार को जब बयान लिए गए तो किशोरियों ने टंकी का पानी पीने के बाद बेहोशी और उल्टियां आने की बात बताई।**

रविवार सुबह मप्र बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग कीटीम भी बालिकाओं के बयान दर्ज करने पहुंची थी। सभी के मजिस्ट्रियल बयान भी दर्ज कराए हैं। अभी तक की पड़ताल में पानी में गड़बड़ी की ही आशंका जताई गई है। हालांकि दो किशोरियां आईसीयू में हैं, बाकी 9 की हालत में सुधार है, लेकिन जिन बच्चियों की तबीयत बिगड़ी थी। उसमें 4 नाबालिग एक यौन शोषण मामले में एक बड़े व्यक्ति के मामले की गवाह बताई जा रही हैं। हबीबगंज थाना प्रभारी मनीषराज सिंह भदौरिया ने बताया कि अस्पताल में स्वस्थ हैं। वहीं जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव के अनुसार सभी 11 किशोरियों की उल्टी, यूरिन और पेट के पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। सभी सैंपल की जांच टॉक्सिकोलॉजी लैब में पुलिस कराएगी। सैंपल जांच के लिए भेजने हबीबगंज पुलिस को ही सौंपे हैं, जहां से जांच के लिए भेजे गए हैं।

इधर दो किशोरियों द्वारा खाना खाने के कुछ देर बाद पानी पीने के बाद उल्टियां होने की शिकायत की है। पानी पीने के 15 मिनट के अंदर एक साथ बच्चियों का स्वास्थ्य खराब होने, बेहोशी की हालत होने, उल्टियां होने से पानी में कुछ मिलाकर देने की आशंका जताई जा रही है।

# संपादकीय

## बेहद गंभीर


संसद में किसी मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्षी दलों के बीच मतांतर या विरोध एक स्वाभाविक स्थिति है और इस पर बहस एक स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया। विडंबना है कि कई बार संसद की कार्यवाही के बीच नियमों की व्याख्या अपने मुताबिक करने की कोशिश की जाती है। इसी हफ्ते सोमवार को राज्यसभा में दिल्ली सेवा विधेयक पारित हो गया। मगर इस दौरान आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पर गंभीर आरोप लगे। अगर वास्तव में नियमों को ताक पर रख कर ऐसा किया गया, तो संसद में इसे फर्जीवाड़े के तौर पर दर्ज किया जाएगा। दरअसल, राघव चड्ढा संसद में दिल्ली सेवा विधेयक को स्थायी समिति के पास भेजने का प्रस्ताव लेकर आए थे, जिसके लिए पांच सांसदों के नाम शामिल किए गए थे। मगर उन पांचों सांसदों का साफतौर पर कहना है कि उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए। यही नहीं, उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी तक नहीं थी कि उनके नाम इस प्रस्ताव में शामिल किए जा रहे हैं। जाहिर है, यह बेहद गंभीर आरोप है कि सांसदों की सहमति के बगैर किसी प्रस्ताव में उनका नाम शामिल कर लिया गया और ऐसा करने का आरोप खुद राज्यसभा के सांसद राघव चड्ढा पर लगा है। सवाल है कि जब विधेयक को स्थायी समिति के पास भेजना जरूरी ही लगा था, तो क्या उस प्रस्ताव को तैयार करते हुए संबंधित सांसदों से राय-मशविरा करना या उनसे लिखित सहमति लेना जरूरी नहीं था!अब अगर वे पांचों सांसद अपने हस्ताक्षर के फर्जी होने और उनकी सहमति के बगैर उनका नाम दिए जाने की शिकायत कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से इससे जुड़ी विधिक स्थितियों की पड़ताल होनी चाहिए। फिलहाल, इस संबंध में विशेषाधिकार समिति की रपट आने तक के लिए राघव चड्ढा को सदन से निलंबित कर दिया गया है। हालांकि सदन का सदस्य होने के नाते राघव चड्ढा को यह ध्यान रखना चाहिए था कि अगर कोई मामला विशेषाधिकार समिति में है तो इस बारे में सार्वजनिक रूप से कोई राय जाहिर न करें। मगर खबरों के मुताबिक, उन्होंने मीडिया के सामने अपना बचाव करने की कोशिश की। इसे नियमों का उल्लंघन माना गया।

**अर्ज किया है..!**

*उसने फूल को*
*जब छुआ होगा*
*खुशबू के भी होश*
*उड़ गए होंगे।*

॥ जय सियाराम ॥

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

समाधि का अर्थ हैं.....
'स' का अर्थ है... समता.....बुद्ध पुरुष जगत में आता है
लोकमंगल के कार्य में... लोकसंग्रह में लगते हैं... लेकिन सपने
में भी उसकी समता ना टूटे.....
'मा' का अर्थ है... मार्ग.. मेरी व्यक्तिगत दृष्टि में ...अथवा तो
मार्गी...जो समता के मार्ग पर...ऐसा मार्ग उसने पकड़ा है जहां
विषमता किसी के प्रति, किसी का त्याग, किसी के प्रति द्वेष, कुछ नहीं
और 'धि'..में रस्व करो तो अर्थ बदल जाएगा संस्कृत में.. लेकिन दीर्घ
भी तुलसी ने उपयोग में लिया है.तो 'धि' में दीर्घ आए तो... प्रज्ञा..
जिसकी प्रज्ञा समता के मार्ग पर निरंतर चले ....वो
चलती फिरती समाधि है .....कभी जिसकी प्रज्ञा विषम ना हो....

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## स्वतंत्रता दिवस

**संदर्भ 15 अगस्त : 76वां आजादी दिवस**

# हम आजाद हैं .. देश में बहुत सारी उपलब्धियां भी है..फिर भी हमें आजादी की तलाश है..

### क्या आजाद भारत धर्म जाति वर्ग धर्मनिरपेक्षता स्वार्थी राजनीति की बेड़ियों से मुक्त हो पाएगा?

**15 अगस्त 1947 हमारे देश के लिए अत्यंत खुशी का दिन था। हम बरसों से अंग्रेजी की बेड़ियों में बंधे बंधन से मुक्त हुए थे। लेकिन आज मालूम पड़ता है कि इस मुक्ति के साथ का निर्णय देश के लिए कितना घातक था.. धर्म के आधार पर विभाजन हुआ एक पाकिस्तान और दूसरा भारतवर्ष.. पाकिस्तान मुस्लिम धर्म के आधार परपर विभाजित हुआ भारतवर्ष में सभी धर्म के लोग रहे। जब आजाद हुए तो एक परिवार के दो भाई विभाजित हुए थे परस्पर भाई थे, भाईचारा की अपेक्षा थी लेकिन यह अपेक्षा एक ऐसी दुश्मनी में बदल गई कि एक दूसरे के बहुत बड़े दुश्मन हो गए। इसका असर भारतवर्ष पर भी पड़ा। संवैधानिक तौर पर हम धर्मनिरपेक्ष हैं.. लेकिन आजादी के 75 वर्ष बाद भी धर्म के आधार पर हो रहे विवाद हिंदुस्तान की बुनियाद को कमजोर कर रहे हैं। कुछ फिरका परस्त लोग अपनी राजनीतिक धार्मिक रोटी सेकने के चक्कर में जगह जगह दंगा फसाद से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी के साथ वर्ग विशेष, जाति विशेष, समुदाय विशेष के आधार पर हो रहे विवाद तेजी से विकसित हो रहे भारत के लिए नासूर के समान है।**



सैकड़ों वर्ष की बेड़ियों से आजाद होकर हमने सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य, खेल एवं तकनीकी क्षेत्र की विकास यात्रा में देश ने अपनी एक पहचान के कीर्तिमान बनाए हैं। एक सशक्त राष्ट्र के रूप में विकसित हो रहा है आज भारत की तरफ विश्व देख रहा है।

बीते 75 सालों में अपनी अंदरूनी समस्याओं, चुनौतियों के बीच देश के पास गर्व करने के लिए उपलब्धियां हैं तो अफसोस जताने के लिए वजहें भी हैं।

सैकड़ों वर्ष की तपस्या के बाद कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिकारी जन नेता आम जनता के त्याग का लहू बहा कर हमें आजादी मिल गई लेकिन वह आजादी आज किस रूप में है। संविधान में एक आदर्श भारत की जो परिकल्पना की गई है उसे हम कितना साकार कर पाए हैं , यह विचारणीय है.. भौगोलिक रूप से पाकिस्तान के बाद, कश्मीर और अक्साई चिन में हमें पूर्व में त्याग करना पड़ा है।हालांकि, सिक्किम को अपने साथ जोड़ने पर हमारी सरकार कामयाब हुई। यह सुखद है कि भारत अपनी सीमा की हिफाजत करता आया है।कई राज्यों में अलगाववादी ताकतों, नक्सलवाद, आतंकवाद की चुनौती से निपटते और सीमा पर चीन एवं पाकिस्तान से लड़ते हुए भारत ने देश की चौकसी करते हुए संप्रभुता पर आंच नहीं आने दी है। आंतरिक चुनौतियों एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कुटिल चालों को नाकाम करते हुए भारत ने अपनी अनेकता में एकता की खासियत एवं धर्मनिरपेक्षता की भावना बरकरार रखी है।

### ◆ लोकतंत्र का जीता जागता उदाहरण

भारत जीवंत लोकतंत्र का एक जीता-जागता उदाहरण है। यहां की लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों की आस्था है। विरोधी विचारों का सम्मान लोकतंत्र को ताकत देता आया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत ने एक परिपक्व देश के रूप में अपनी पहचान बनाई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मुद्दों पर गंभीर मतभेद रहे लेकिन इन मतभेदों ने लोकतंत्र को लोग अपनी पसंद से सरकारें चुनते आए हैं।

### ◆ जन कल्याणकारी नीतियां

आम आदमी को सशक्त बनाने के लिए बीते दशकों में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां और योजनाएं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा जैसे कार्यक्रमों एवं योजनाओं ने आम आदमी को सशक्त बनाया है। इन महात्वाकांक्षी योजनाओं से विकास की गति तेज हुई। इन योजनाओं का लक्ष्य आम आदमी को राहत पहुंचाना ही है। दुख यही है कि विकास योजनाओं के बावजूद देश में गरीबी, पिछड़ापन दूर नहीं हुआ है।

### ◆ आजादी के बाद का उजला पक्ष

उदारीकरण के दौर के बाद भारत तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है। आर्थिक, सैन्य एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में इसने सफलता की बड़ी छलांग लगाई है। चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। सैन्य क्षेत्र में भारत एक महाशक्ति बनकर उभरा है। परमाणु हथियारों से संपन्ना भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। मिसाइल तकनीकी में दुनिया भारत का लोहा मान रही है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने नए-नए कीर्तमान गढ़े हैं। मंगल मिशन की सफलता एवं रॉकेट प्रक्षेपण की अपनी क्षमता के बदौलत भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में महारथ रखने वाले चुनिंदा देशों में शामिल है। इन उपलब्धियों ने देश को सुपरपावर बनने के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया है।

आवश्यकता यही है कि देश में घुन की तरह काम कर रही फिरका वादी ताकतों का हमें अपना ध्यान रखना है ।सरकार अपना काम कर रही है लेकिन आम जनता के भी कुछ कर्तव्य है' संभल के रहना अपने घर में छुपे हुए गद्दारों से'...

● अंकुर गुप्ता, दिल्ली

## Highlights

1. AIIMS doctor gives woman's 14 eggs to 2 other women without consent; let off with warning
2. Singapore open to importing electricity from India
3. 1,800 special guests invited for I-Day, selfie points installed
4. Man hit with belt as fight breaks out amid 'Gadar 2' screening in UP, video surfaces
5. IAF airlifted 68,000 soldiers, 90 tanks to Ladakh after Galwan clash with China: Report

# Adidas Switch FWD's innovation tweaks physics and the composition of foam

**NEW DEIHI, (Agency).** It is not often running shoes, despite significant leap forward in the technology being used, get your attention almost immediately. Adidas' latest pair, the Switch FWD does. The reason is simple – how the midsole has been constructed, outside and inside. This is serious evolution considering the Switch FWD is an extension, as the name suggests, an extension of Adidas' FWD range that also includes the flagship 4DFWD sneakers.

The Adidas Switch FWD costs ₹13,999 and you have the choice of as many as six colourways, for men and women's ranges.

The legacy it adds to, includes Adidas' third generation 4DFWD shoes (around ₹21,999) and the 4DFWD Ultra (around ₹22,999).

The Switch FWD's big idea, which is immediately available for everyone to see, is to create voids in the outsole that compress as the wearer runs and then provide the spring forward motion. Therefore, those symmetric gaps you see,



when looking at the Adidas Switch FWD side on. Mind you, these gaps run all the way down to the outsole. While it may look like it, if you've analysed the outsole of your Switch FWD shoe, but you aren't standing on stilts. Your mind is playing tricks.

The midsole itself is the EVA, or Ethylene-vinyl acetate foam. Integrated alongside is a TPU, or Thermoplastic Polyurethane plate (the more expensive sneakers now have carbon fibre plates), for energy transition.

As you wear the Adidas Switch FWD, only a visual memory of the voids in the midsole linger in your mind. Slide the foot in, and this feels as comfortable or planted as any other running shoe worthy of being called that. Again, you don't need to wear this any differently, change your running or jogging style or be circumspect while making direction changes. You don't feel these physical gaps, in a disconcerting sense.

Clearly, less is more.

The way you do notice they're there is, as the foot transitions while running. There is a tad lesser energy you need to generate, with a certain springy push quite apparent. That's the extra downward pressure the EVA foam can take because of these physical gaps, before pushing back as a reaction. Run on a harder surface first to get a fair idea of what it feels like, before making the switch to a softer mud track, if that's what you prefer.

# 'Need I say more', exults Namita Thapar after meeting duo who pitched on Shark Tank India S2. Here's why

**NEW DEIHI, (Agency).** A Gurugram-based start-up that pitched on the second season of Shark Tank India and secured a triple-Shark deal, now makes five times from its sales as compared to the numbers from when its co-founders appeared on the business reality show, revealed Namita Thapar, one of the three 'sharks' who agreed to come on board.

Namita Thapar with Perfora co-founders Tushar Khurana (left) and Jatan Bawa (right). Image courtesy: twitter.com/



The company, Perfora, has taken just nine months to reach its existing figures, noted Thapar. "Closed the deal with Perfora & met Tushar & Jatan in Delhi, their sales has increased from 70 lakhs per month to 3.5 cr per month (5X) in 9 months since I heard them pitch at the tank," Thapar wrote on Saturday in a post on X, the former Twitter, sharing her photo with Tushar Khurana and Jatan Bawa, the duo who co-founded Perfora.

The Emcure Pharmaceuticals CEO added: "They completed a fundraise 3m(onths) back at double the shark tank valuation, need I say more!"

Perfora at Shark Tank India S2- The show's second season aired between January and February. Pitching on one of the episodes, Khurana and Bawa succeeded in raising a funding of ₹80 lakh, giving away 2.5% equity of the start-up, to be divided among Thapar, Peyush Bansal (Lenskart) and Vineeta Singh (Sugar Cosmetics).

Uttarakhand

# सोलन में बादल फटने से भारी तबाही, 7 लोगों की मौत, 6 को किया गया रेस्क्यू

**सोलन, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर बादल फटने से तबाही मची है. इस बार राज्य के सोलन स्थित ममलीक के धायावला गांव में बादल फटा है. सोलन के डीसी मनमोहन शर्मा के मुताबिक बादल फटने से 7 लोगों की मौत हो गई है जबकि 6 लोगों को रेस्क्यू किया गया है. बादल फटने की यह घटना देर रात हुई.

बादल फटने के बाद की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें दिख रहा है कि पूरा गांव मलबे से पटा हुआ है और हर तरफ तबाही का मंजर नजर आ रहा है. बादल फटने की इस घटना में दो घर और एक गौशाला भी बह गई है.

भारी बारिश के चलते हिमाचल प्रदेश में स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं. कई जगहों पर रास्ते बंद हैं. लोग जगह-जगह फंसे हैं. हिमाचल के पहाड़ों पर लगातार भूस्खलन हो रहा है. इस बीच सरकार ने 14 अगस्त को



स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी की घोषणा कर दी है. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने आज यानी 14 अगस्त को प्रस्तावित परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है. भारी बारिश में भूस्खलन के कारण कुल्ली मनाली जाने वाले रास्ते बंद हैं. चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाइवे से पंडोह के बीच कई जगहों पर भी रास्ते बंद हैं. DGP संजय कुंडू ने टूरिस्ट और स्थानीय लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है. साथ ही नदी-नालों और लैंडस्लाइड संभावित इलाकों में नहीं जाने की सलाह दी है. सड़क पर लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण शिमला और चंडीगढ़ को जोड़ने वाले शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के चलते कोटी के पास चक्की मोड़ पर सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में भारी वाहन फंसे हुए हैं. इसके अलावा मंडी जिले के कई स्थानों से घरों और कृषि भूमि को नुकसान की खबरें भी आ रही हैं. पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही बारिश से हमीरपुर जिले के सभी हिस्सों में फिर से तबाही मचनी शुरू हो गई है.

Jharkhand

## झारखंड के लातेहार में बीजेपी नेता की हत्या के बाद बवाल, उग्र भीड़ ने स्कॉर्पियो फूंकी; रोड जाम

**लातेहार, (एजेंसी)** झारखंड के लातेहार में कोल व्यवसायी सह बीजेपी नेता राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या के बाद बवाल हो गया। नाराज भीड़ ने एक मकान में तोड़फोड़ की और घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। इलाके में भारी तनाव है। दरअसल, शनिवार को गोलीबारी में घायल बीजेपी नेता राजेंद्र साहू की रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई। अज्ञात अपराधियों ने उनको 5 गोलियां मारी थीं। जैसे ही राजेंद्र साहू के मौत की जानकारी लातेहार के बालूमाथ पहुंची लोग इकट्ठा होने लगे। सड़क पर उतरी भीड़ अपराधियों के शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रही थी। कोल व्यवसायी सह बीजेपी नेता राजेंद्र प्रसाद साहू पर शनिवार को हमला हुआ था। अज्ञात अपराधियों ने उनपर फायरिंग की जिसमें उन्हें पांच गोलियां लगी। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल राजेंद्र साहू को स्थानीय लोगों ने बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। रांची के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। शनिवार को भी स्थानीय लोगों में हमले को लेकर नाराजगी थी।

Uttarpradesh

## कोल्ड स्टोरेज में रखा 700 किसानों का सवा तीन करोड़ का आलू बर्बाद, प्रबंधन की लापरवाही पर घंटों हंगामा

**कानपुर, (एजेंसी)** मुंगीसापुर (कानपुर देहात) में अमौली गांव स्थित एक कोल्ड स्टोर में रखा करीब सात सौ किसानों का सवा तीन करोड़ रुपये का 55000 बोरी आलू खराब हो गया। जानकारी पर नाराज किसानों ने कोल्ड स्टोरेज प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा करीब साढ़े चार घंटे तक हंगामा किया। कोल्ड स्टोरेज के मालिकों के मौके पर न आने पर किसान डीएम से शिकायत करने की बात कहकर लौट गए। अमौली गांव स्थित कोल्ड स्टोर में करीब सात सौ किसानों ने इसी साल जनवरी में अपना आलू सुरक्षित रखा था। इसका 130 से 150 रुपये किराया प्रतिमाह दे रहे थे। कोल्ड स्टोरेज प्रबंधन ने आलू की सही तरीके से देखभाल नहीं की।

Uttarpradesh

## पत्नी ने इंस्टाग्राम पर ब्लॉक किया तो हैवान बन गया पति, बच्चों के सामने गला घोंटकर मार डाला

**सुल्तानपुर, (एजेंसी)** इंस्टाग्राम पर पत्नी के एक्टिव रहने और उसके फालोअर्स से चिढ़ने वाले पति ने आखिरकार हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। उसने अपने दो मासूम बच्चों के सामने गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दिया। बताया जा रहा है कि हाल ही में पत्नी ने उसे अपने अकाउंट पर ब्लॉक कर दिया था। इसके जलन और चिढ़ के साथ असुरक्षा की भावना में घुला जा रहा पति सबसे बड़ा दुश्मन बन गया और फिर इनोवा कार के अंदर बच्चों की आंखों के सामने गला दबाकर निर्ममता से पत्नी को मार डाला। मारी गई महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक की पूछताछ में उसने जो कुछ बताया है कि उसके आधार पर पुलिस सूत्रों का कहना है कि मारी गई महिला की इंस्टाग्राम पर अच्छी-खासी फॉलोअर्स संख्या थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे लेकर पति शुरू में हीनभावना से ग्रसित हुआ फिर उसे पत्नी के चरित्र पर शक होने लगा। उसे यह भी लगता था उसकी गैरमौजूदगी में पत्नी कुछ सोशल मीडिया फैन से मिलती है। बताया जा रहा है कि महिला के इंस्टाग्राम अकाउंट फिलहाल प्राइवेसी लॉक है।

खेल

## भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सात साल बाद टी20 सीरीज गंवाई, हार्दिक की कप्तानी में पहली शिकस्त

**फ्लोरिडा, (एजेंसी)** वेस्टइंडीज ने भारत को पांच मैचों की टी20 सीरीज के पांचवें और आखिरी निर्णायक मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने इस टी20 सीरीज पर भी 3-2 से कब्जा जमा लिया है। फ्लोरिडा के लॉडरहिल में खेले गए पांचवें मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 165 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज ने 18 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले दो टी20 में वेस्टइंडीज की टीम ने जीत हासिल की थी।

इसके बाद टीम इंडिया ने वापसी करते हुए तीसरा और चौथा टी20 जीता था। हालांकि, पांचवां टी20 गंवाने के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज भी गंवा दिया। वेस्टइंडीज के लिए निकोलस पूरन और ब्रैंडन किंग ने 107 रन की साझेदारी कर भारत को मैच और सीरीज जीतने से दूर रखा। ब्रैंडन किंग 55 गेंदों में 85 रन बनाकर



नाबाद रहे। हालांकि, पांचवें टी20 में चार ओवर में 31 रन देकर चार विकेट लेने वाले रोमारियो शेफर्ड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, सीरीज में 176 रन बनाने वाले निकोलस पूरन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

वेस्टइंडीज की टीम ने भारत के खिलाफ सात साल बाद द्विपक्षीय टी20 सीरीज जीती है। पिछली बार वेस्टइंडीज ने 2017 में अपने ही घर में भारत के खिलाफ 1-0 से टी20 सीरीज जीती थी। इसके बाद से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 सीरीज जीती। सबसे अहम बात यह है कि टीम इंडिया को उस टीम के खिलाफ हार मिली है जो टीम 2022 टी20 विश्व कप में सुपर-12 राउंड के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। 2024 में टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज-अमेरिका की सह-मेजबानी में खेला जाना है। ऐसे में इस सीरीज को तैयारी के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन टीम इंडिया ने निराश किया।

टीम इंडिया ने पहली बार पांच मैचों की कोई टी20 सीरीज गंवाई। अब तक भारत ने पांच बार पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली है। 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने 3-2 से और 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ 3-2 से जीत हासिल की थी। 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ था। 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत ने 4-1 से जीत हासिल की थी। वहीं, अब पहली बार पांच मैचों की टी20 सीरीज में हार मिली है।

हार्दिक पांड्या की कप्तानी में भी भारत की यह पहली टी20 सीरीज हार है। अब तक वह पांच टी20 सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं। इसमें से वेस्टइंडीज के खिलाफ बस इस टी20 सीरीज में हार मिली, जबकि पिछली चार सीरीज में टीम इंडिया ने जीत हासिल की थी। इसमें आयरलैंड के खिलाफ 2-0, न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-0, श्रीलंका के खिलाफ 2-1 और न्यूजीलैंड के खिलाफ 2-1 से जीत शामिल है।

सिनेमा

## 'गदर 2' का संडे को बजा डंका, तीसरे दिन लगी हाफ सेंचुरी, तोड़ा 'KGF 2' का रिकॉर्ड!




हिंदी सिनेमा की सबसे आइकॉनिक हिट्स में से एक 'गदर' का सीक्वल जब भी थिएटर्स में आता, इसका बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाना तय था. लेकिन 'गदर 2' ऐसा धमाका कर सकती है, ये रिलीज से पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा. शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई 'गदर 2' ने ओपनिंग कलेक्शन से ही फिल्म बिजनेस को हैरान करना शुरू कर दिया था. लेकिन तीसरे दिन, यानी संडे को 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर जो किया है, उसे अद्भुत, अकल्पनीय और अविश्वसनीय कहना ही ठीक होगा. शुक्रवार को 40 करोड़ रुपये से ज्यादा की ओपनिंग के बाद, शनिवार को 'गदर 2' की कमाई में अच्छा जंप आया था. दूसरे दिन 43 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ, दो दिन में फिल्म की कुल कमाई 83 करोड़ रुपये पहुंच गई थी. संडे को फिल्म की एडवांस बुकिंग पहले दो दिनों से बेहतर थी, और ये तय था कि इसकी कमाई में एक बार फिर अच्छा जंप आने वाला है. तीसरे दिन फिल्म की कमाई बढ़ी भी, मगर ये ग्रोथ इतनी तगड़ी है कि बड़ी-बड़ी फिल्मों के साथ भी ऐसा नहीं हुआ. सनी देओल की फिल्म ने संडे को थिएटर्स में ऐसा जबरदस्त माहौल जमाया कि कई थिएटर्स में फिल्म के सारे शो हाउसफुल चले. दो दिन में तूफानी कमाई कर चुकी फिल्म, संडे को सुनामी मोड में आ गई.

# कार ओवरटेक विवाद में युवक की हत्या

## दो भाइयों को बदमाशों ने मारे थे चाकू

◆ देर रात चार आरोपी पकड़ाए, शादी कर पत्नी को लेकर जा रहा था महू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**इंदौर। कनाड़िया इलाके में शनिवार रात चाकू लगने से घायल एक भाई ने रविवार देर रात दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे का उपचार एमवाय अस्पताल में चल रहा है। जिस भाई की मौत हुई उसकी शनिवार को ही भोपाल में शादी हुई थी। वह पत्नी और परिवार को लेकर भोपाल से लौट रहा था। दोनों भाई का महू में ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। पुलिस ने रविवार रात में हमला करने वाले चार बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार देर रात कनाड़िया ब्रिज के नजदीक सर्विस रोड की है। यहां एसयूवी कार से दीपक पिता लक्ष्मीनारायण सोंधिया और उसका भाई राजकुमार महू की ओर जा रहे थे। उनके साथ दीपक की भाभी आरती, पत्नी पूजा, मां कैलाशी, पिता लक्ष्मीनारायण, राजकुमार की दो बेटियां और एक रिश्तेदार बैठे थे। कार चला रहे दीपक की कार को गलत ढंग से ओवरटेक करने पर बदमाशों ने कहासुनी की थी। आरोपियों ने आगे जाकर दीपक को रोका और कार से उतार कर मारपीट शुरू कर दी।

इस बीच पीछे से आई बदमाशों की दूसरी कार से एक ने उतरकर दीपक और राजकुमार पर चाकू से हमला कर दिया। दीपक को पेट और सीने में चाकू लगा था जबकि उसे बचाने में राजकुमार भी घायल हो गया। दोनों भाइयों को उपचार के लिये एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां दीपक की रविवार देर रात मौत हो गई। दोनो भाई ट्रांसपोर्ट से जुडा काम करते थे।

### शादी कर परिवार के साथ लौट रहा था

कनाड़िया पुलिस के मुताबिक दीपक अपने परिवार के साथ शादी करने भोपाल गया था। परिवार वहीं से नई बहू को लेकर लौट रहा था। कनाड़िया पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों से जानकारी जुटाकर मूसाखेड़ी निवासी सद्दाम पुत्र सईद को पकड़ा है।वही सद्दाम की निशानदेही पर अन्य आरोपी भी पकड़े गए। सद्दाम के बारे में जानकारी मिली है कि पिछले दिनों सलमान लाला से उसका विवाद हुआ था। जिसमें सलमान ने उस पर गोली भी चला दी थी।

### अब तक चार आरोपी पकड़ाए

कनाड़िया पुलिस ने इस मामले में अब तक सद्दाम उसका रिश्तेदार शोएब,रोहिन ओर कुलदीप को हिरासत में ले लिया है। प्रारभिंक जांच में पता चला कि रोहिन अपने साथी कुलदीप के साथ कार से जा रहा था। उसने ही राजकुमार के पास से कार ओवरटेक थी। राजकुमार ने उसे इस बात को लेकर गुस्से में टोक दिया। रोहिन ने राजकुमार को कार आगे जाकर रोकने के लिये कहां। इसके बाद रोहिन ने कॉल कर यहां सद्दाम ओर शोएब को बुला लिया। आरोपियों ने यहां पहुंचते ही चाकू निकाले। जिसमें से रोहिन,कुलदीप ओर शोएब ने एक के बाद एक कई वार दोनो भाईयों पर किये थे।

# बाइक ने मारी टक्कर, बुजुर्ग महिला की मौत

◆ एबी रोड पर सड़क पर घायल मिला युवक, अस्पताल में तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**इंदौर।** बहन से मिलने आई एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। आजाद नगर इलाके में उसे बाइक सवार ने टक्कर मारी। जिसके बाद एमवाय अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। इधर, रविवार को मांगलिया के सेन्ट्रल पाईंट पर घायल मिले युवक ने भी रविवार रात में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक बेना बी (60) पति शफी अहमद निवासी राऊ को 9 अगस्त को तीन ईमली के यहां सड़क पार करते समय बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर घायल होने के बाद बेना बी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां रविवार को उनकी मौत हो गई। बेना अपनी बहन से मिलने आजाद नगर आ रही थी। बेना के पति की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उसके तीन बेटे हैं।

मांगलिया इलाके में रविवार दोपहर इलाके में रहने वाला एक युवक उसके साथी को घायल सड़क पर मिला। उसे उपचार के लिये एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां उसकी रात में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान अजय (26) निवासी शिप्रा के रूप में हुई है। साथी भागवत दोपहर में उसे एमवाय अस्पताल लेकर आया था। भागवत ने बताया कि अजय मजदूरी करता है। वह रिक्शा से अपने घर जा रहा था। तभी सेन्ट्रल पाइंट के यहां भीड़ लगी में देखा तो उसका दोस्त अजय घायल पड़ा था। भागवत उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# पुजारी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी

## ई-वालेट पेटीएम हैक कर 60 हजार रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**इंदौर। पुजारी के साथ धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपी ने ई-वालेट पेटीएम हैक कर 60 हजार रुपए निकाल लिए।**

हीरानगर थाना पुलिस ने पांच महीने बाद प्रकरण दर्ज किया है। साइबर सेल से जांच का आश्वासन ही मिलता रहा।

धोखाधड़ी राजेश पिता भेरूलाल रावल निवासी राधिका सोसायटी श्यामनगर के साथ हुआ है। राजेश पूजा-पाठ के साथ इलेक्ट्रानिक शॉप भी चलाते हैं। ई-वालेट पेटीएम में उनकी 60 हजार रुपये तक की लिमिट है। धोखाधड़ी की शुरूआत सर्वप्रथम 27 मार्च को रात करीब 2:33 बजे हुई। ठग ने पेटीएम हैक कर खाते से 40 हजार रुपये निकाले। इसके पांच मिनट बाद ही 19 हजार 52 रुपये निकल गए। रावल के पास कॉल और मैसेज भी नहीं आया। दो दिन बाद राजेश मालवा मिल स्थित पेटीएम कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि रुपये जय सचिदानंद को ट्रांसफर हुए हैं। इतना ही नहीं, ठग ने पेटीएम से तीन लाख रुपये का लोन भी ले लिया। लोन स्वीकृत करने के दौरान केवायसी का सत्यापन हुआ न रावल से पूछा गया। लोन की राशि रावल के खाते में नहीं बल्कि अशोक चोतरानी निवासी अशोक नगर (उदयपुर) को ट्रांसफर की गई है। टीआइ के मुताबिक, बैंक खातों की जांच की जा रही है। पेटीएम को भी पत्र लिखा गया है।

### दो स्थानों पर अड़ीबाजी- मारपीट

**इंदौर।** दो स्थानों पर वसूलीबाजों के द्वारा नशे के लिए की गई मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। परदेशीपुरा पुलिस ने बताया कि फरियादी सरदार उर्फ अंकित पिता मुकेश पंवार निवासी आदर्श बिजासन नगर की रिपोर्ट पर आरोपी गोलू उर्फ नीरज निवासी नंदा नगर पर केस दर्ज किया गया। आरोपी ने उसे चौकसे धर्मशाला के पास रोका और शराब पीने के लिए रुपए मांगे। नहीं देने पर गालियां दी और मारपीट कर भाग गया।

# कैफे में तोड़फोड़ कर संचालक पर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर।** कैफे पर हुए विवाद में आरोपियों ने यहां जमकर तोड़फेड़ कर दी, वहीं संचालक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। लसूड़िया पुलिस ने अनुराग सोलंकी निवासी ग्राम हातोद की रिपोर्ट पर आरोपी आयुष और उसके साथी पर केस दर्ज किया है। घटना द कॉफी बिन्स कैफे स्कीम नंबर 78 में हुई। फरियादी ने बताया कि आरोपी बाइक पर साथी के साथ आया और रोहित चौहान के कैफे के गेट के पास पेशाब करने लगा। मैंने रोका तो गालियां दी। बोला अभी आकर बताता हूं। फिर वह चला गया। कुछ देर बाद वापस आया और रॉड से हमला कर दिया। मैं दुकान में अंदर भागा तो आरोपियों ने कैफे पर पथराव कर दिया जिससे काफी सामान में टूट-फूट हुई।

# लव जिहाद- नाबालिग से की दोस्ती

◆ बोला- मैं आर्मी जवान; पुलिस के सामने उगला सच, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**इंदौर।** एरोड्रम में एक नाबालिग स्टूडेंट के साथ धर्म बदलकर दोस्ती करने का मामला सामने आया है। नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसकी बुलेट भी पुलिस ने जब्त कर ली है। आरोपी ने खुद को सोशल मीडिया पर आर्मी का जवान बताकर दोस्ती की थी।

पुलिस के मुताबिक 17 साल की नाबालिग लड़की की शिकायत पर पुलिस ने आहत खान निवासी महू के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं मे केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक एक साल पहले आरोपी आहत खान ने नाबालिग को अपना नाम विजय बताकर दोस्ती की। उसने सोशल मीडिया पर भी विजय नाम से ही पहचान बताई है। सोशल मीडिया पर वह खुद को आर्मी का जवान बताता है। युवती से पहचान होने के बाद आहत खान ने नाबालिग को बीटीएस आर्मी का जवान होने की बात कही। पीड़िता ने बताया कि सोशल मीडिया पर दोस्ती होने के बाद आहत खान ने उसे टीआई मॉल में मिलने बुलाया। यहां नाबालिग को विजय नाम बताकर ही घुमाता रहा। नाबालिग ने बताया कि जब हम मिलने लगे तो वह मुझे एक बार अपनी चाची के घर ले गया। आहत खान ने अपनी चाची का नाम सिमी बताया। आहत ने युवती से शादी करने की इच्छा जताई और बाद में वह शादी के लिए दबाव बनाने लगा। यहां पीड़िता को उसके मुस्लिम होने की शंका हुई तो वह घर लौट आई। खुद को आर्मी का जवान बताने वाला आरोपी रविवार को पीड़िता से मिलने उसके घर के नजदीक पहुंच गया। यहां हिंदूवादियों को जानकारी लगी। आहत खान जिस बुलेट से आया था उस पर नंबर भी नहीं था। जब उससे बुलेट का नंबर और युवक का नाम पूछा तब उसने अपना असली नाम आहत खान बताया। हिंदूवादी उसे पकड़कर थाने ले गए। यहां पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर आहत के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आहत को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस उससे खुद को आर्मी जवान बताने के मामले में भी पूछताछ कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।